श्री खीरेश्वर महादेव ज्योतिर्लिंग

एन.एच.-28, बाराबंकी

दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

माता खीरेश्वरी देवी



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 7 अंक : 160 | लखनऊ, मंगलवार, 19 दिसम्बर, 2017 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

एस.एम.एस. को इन्नोवेशन (नवाचार)हेतु राष्ट्रपति महोदय से प्रशंसा व भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय से प्रथम-पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में नवाचार की प्रदर्शनी 14-16 दिसम्बर 2017 को लगाई गयी थी जिसमे प्रदेश के विभिन्न असंगठित व संगठित क्षेत्रो से आये लगभग 60 प्रोजेक्ट /कार्य कर रहे माडल लगाए गए थे । जिसका उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति महोदय श्री राम नाथ कोविंद द्वारा 15 दिसम्बर 2017 को किया गया था । स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को भी इस प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु बुलाया गया था जिसमे महा निदेशकए डा0 भरत राज सिंह के देख-रेख में बनाए गए (4.प्रोजेक्ट) 1.हवा से चलने वाली बाइक का संशोधित माडल, 2- सोलर साइकिल का उन्नत माडल, 3-साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वक्छ्ता अभियान के तहत कुडा व टुकड़े उठाने वाली रोबोटिक मशीन (इंस्टिट्यूट के छात्रो द्वारा प्रदर्शित किये गए) महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा मेक इन इंडिया में 10-प्रोजेक्ट में पहिचान बनाने वाली एयर.ओ.बाइक की उन्नत माडल को देखकर और विशिष्ट जानकारी प्राप्तकर अति प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा डा0 भरत राज सिंह व छात्र समर्पित वर्मा को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आने के लिए निमंत्रण भेजने का आश्वासन भी दिया ।

इसके अतिरिक्त सोलर साइकिल जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी है, डा0 भरत राज सिंह व छात्र विवेक मिश्रा द्वारा तैयार की गयी है, पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की । महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत कुडा व टुकड़े उठाने वाली रोबोटिक मशीन जो छात्र अर्जुन कुमार मौर्या व उत्कर्ष कुमार शर्मा तथा डा0 रघुवीर कुमार के देख रेख में तैयार की गयी है, पर आने वाले समय में अधिक उपयोगी होने पर साधुवाद दिया । निर्णायक मंडल द्वारा उपरोक्त चारो प्रोजेक्ट्स का भी सभी 60 प्रोजेक्ट्स के साथ आकलन कर (एयर.ओ.बाइक) की उन्नत माडल जो दुनिया के आविष्कार में पहले से ही सम्मलित है, को (प्रथम पुरस्कार) से चयन कर 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आर0 सी0 सोवती व स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिह ने डा0 भरत राज सिह व चारो छात्रो के भविष्य के लिए शुभकामनाये व बधाई दी ।